हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS
dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–279 : जौनपुर, मंगलवार 15 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ग्रामीण कोचिंग संस्था के बच्चों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की निकाली गई रैली

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा व निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवाहन किया जा रहा है कि शांतिपूर्वक समस्त जनपद वासी अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। जिसके सापेक्ष में करंजकला ब्लॉक के मनवल ग्रामसभा में ग्रामीण कोचिंग संस्था के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की रैली निकालकर लोगों को अपने मत का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। जिसकी अध्यक्षता कर रहे अमरेंद्र विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को व क्षेत्रीय लोगों को निर्वाचन प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया, कि जिन लोगो का वोटर लिस्ट में नाम नहीं है। वह 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष उम्र पूरा होगया है या जिनका मतदाता सूची में नाम नही है वह अपना नामांकन अर्थात उनसे वितउ6 फार्म भरने व WWW.NVSP.IN पर पंजीकरण सुनिश्चित करने की हिदायत दिया। और मतदान के प्रति मतदाताओं को खासतौर पर दिव्यांग युवा व महिलाओं को जागरूक करने के बारे में चर्चा किया। और अपने गांव के लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना होगा। साथ ही मतदान के दिन अधिक से अधिक




लोगों को बूथ पर जाकर मतदान करने के लिए भी प्रेरित करना होगा। निर्वाचन से संबंधित सभी जानकारी www.nvsp.in पर उपलब्ध है तथा इसके माध्यम से वोटर कार्ड बनाने हेतु ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।इस अवसर पर ग्रामीण कोचिंग संस्थान के अध्यापक मंगल विश्वकर्मा विपिन, आयुष, सर्वेश सहयोगी गौतम सौरभ, गणेश, प्रशांत, जतिन, नितिन, विक्की आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मियांपुर ,हरईपुर ,एडवोकेट कॉलोनी, कचहरी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका शुभारंभ करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र का आधार आपका मतदान है अतः 7 मार्च को सबसे पहले मतदान फिर जलपान। मतदान हीं लोकतंत्र का प्राण है मतदान से ही राष्ट्र मजबूत होता है इसके लिए सही व्यक्ति का चुनाव करें । ताकि अच्छे लोग सत्ता सरकार का प्रतिनिधित्व कर सकें । साहित्यकार गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ने कहा कि लोकतंत्र मजबूत हो इसके लिए आवश्यक है प्रत्येक मतदाता अपने नेता का चयन करें ।प्रजातंत्र में प्रजा के द्वारा मतदान से ही सशक्त देश और राष्ट्र का निर्माण होता है । साहित्यकार सभाजीत दिवेदी प्रखर ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।जब भी राष्ट्रीय चुनाव में सर्वाधिक मतदाता अपनी सहभागिता निभाते हैं तो देश का लोकतंत्र जिंदा रहता है इसके लिए सत प्रतिशत 100: मतदान अनिवार्य है। हमारे देश में मतदान बढ़ रहा है लेकिन संतोषजनक नहीं है। ""सचमुच जो प्यार करते हो हिंदुस्तान से ,जिंदा रहे यह लोकतंत्र आने बान से, सबसे पहले बूथ पर मतदान कीजिए, मतदान कम नहीं किसी पूजा अजान से । संविधान निर्माताओं ने हम सौभाग्यशाली हैं कि एक संप्रभु राष्ट्र के निर्माण के लिए मजबूत



लोकतंत्र की स्थापना की है लोकसभा चुनाव का हमारे यहां जो चार विधानसभाओं का चुनाव हो रहा है वह लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है ।हमें एक बात का ध्यान रखना होगा कि हमें शराब पैसा या किसी भी वस्तु के प्रलोभन में ना आकर स्वच्छंद मतदान करना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय / संस्था सचिव संजय उपाध्याय ने कहा कि चुनाव में देखा जा रहा है विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे यहां मूल्यों की गिरावट निरंतर हो रहे हैं लोग चुनाव में संकीर्ण भाषाओं का प्रयोग कर रहे हैं जातिगत सांप्रदायिक भाषाओं का प्रयोग हो रहा है ।ऐसे में एक अच्छे एक सही व्यक्ति का चयन करना होगा जो हमारे देश समाज जनपद गांव का विकास कर सकें । अनिल सिंह ने कहा मतदान के विकल्प आई कार्ड आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस बैंक अकाउंट पासबुक चुनाव आयोग के द्वारा निर्धारित विकल्पों के साथ ही पोलिंग बूथ पर जाएं और अपना मतदान लाइन में लग कर करें । अभिषेक पांडे ने कहा कोविड नियमों का पालन अवश्य करें । जनपद में जिस तरह का उत्साह मतदाताओं में दिख रहा है उससे जाहिर होता है कि जनपद में जौनपुर का मतदान प्रतिशत अच्छा होगा । उक्त अवसर पर कमल यादव शिव शंकर चौरसिया मनोज कुमार पाल कैलाश नाथ प्रजापति लक्ष्मी नारायण यादव दिनेश मौर्य और संस्थाके कार्यकर्ता शामिल रहे।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कैंट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी बृजेश पाठक को सम्मेलन करके दिया अपना समर्थन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कैंट विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कैंट संयोजक सतपाल सिंह मीत ने अपने बताया कि आज बांसमंडी चौराहे पर स्थित होटल कॉन्टिनेंटल में व्यापारी समन्वय एवं समर्थन बैठक करके कैंट भाजपा प्रत्याशी माननीय बृजेश पाठक जी को पूर्ण रूप से वोट ,सपोर्ट और समर्थन देने का ऐलान किया गया और व्यापारियों से अपील की गई थी शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करके माननीय बृजेश पाठक को लाखों मतों से विजई बनाएं। बैठक में अभिषेक खरे संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि इस चुनावी महासमर में हम सब को योगी जी को हाथ मजबूत करने के लिए और उनकी सरकार बनाने के लिए लाखों मतों से बृजेश पाठक जी को जिताना बहुत जरूरी है और हम सबको रणनीति बनानी होगी कि व्यापारियों का शत प्रतिशत



मतदान हो और भाजपा प्रत्याशी बृजेश पाठक लाखों मतों से विजई हो। इस बैठक में मनीष गुप्ता अनिल वर्मानी जसविंदर सिंह अध्यक्ष राष्ट्रीय सिख संगत प्रदेश महामंत्री तजिंदर सिंह राजपाल सिंह दुआ इंदरजीत सिंह रजनीश गुप्ता रघुवर दयाल पांडे प्रियांशु गुप्ता, हरविंदर पाल सिंह नीता मनमोहन सिंह मोनी कमलजीत सिंह सहित भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के कैंट के सभी पदाधिकारी और व्यापारी शामिल हुए जिन्होंने बृजेश पाठक का जोरदार स्वागत किया और उनसे समर्थन का वचन दिया।

## सोमवार को कुल तीन दर्जन प्रत्याशियों ने किया नामांकन : जमकर हुई नारेबाजी : उड़ी आचार संहिता की धज्जियां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले की नौ विधानसभा सीटों पर सातवें चरण में सात मार्च को होने वाले मतदान के लिए दो दिनों के अवकाश के बाद सोमवार को नामांकन हुआ। इस दौरान भाजपा के जौनपुर विधानसभा से राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव के साथ ही चार, सपा के पांच व बसपा के दो दावेदारों के साथ ही अन्य दलों के 24 ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही कुल 93 लोगों ने पर्चे लिए। तीसरे कार्य दिवस में अब तक कुल 26 नामांकन हुए तो 349 लोगों ने पर्चा लिया। दो दिन अवकाश के बाद नामांकन के लिए दिनभर गहमा–गहमी का माहौल रहा। हालांकि नामांकन में कोविड गाइडलाइन की जमकर धज्जियां उड़ीं। बैरियर को धता बताते हुए मुख्य गेट तक सैकड़ों की संख्या में लोग दावेदारों के साथ व कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में पहुंचकर नारे लगाते रहे। इस दौरान शहर में जाम की स्थिति बनी रही। नामांकन की प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा के बीच कलेक्ट्रेट में चल रही है। तीसरे दिन नामांकन करने वालों में शाहगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा उम्मीदवार शैलेंद्र यादव ललई ने तीन सेट में तो भारतीय नवक्रांति पार्टी के राम प्रताप सिंह ने एक सेट में पर्चा भरा। इसी तरह जफराबाद से भाजपा उम्मीदवार डा. हरेंद्र प्रसाद सिंह ने चार सेट, बसपा के संतोष मिश्र राजा ने दो सेट, निर्दल इलाहाबाद छात्रसंघ पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सोनू ने दो सेट, राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी संजीव उपाध्याय ने एक सेट में नामांकन किया। मड़ियाहूं विधानसभा क्षेत्र से सपा उम्मीदवार सुषमा पटेल ने तीन सेट में, भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी के निहारिका गौतम ने एक सेट में पर्चा दाखिल किया। मछलीशहर विधायनसभा क्षेत्र से भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार सत्यप्रकाश ने एक सेट, मल्हनी से भाजपा उम्मीदवार पूर्व सांसद डा. केपी सिंह ने दो सेट, सपा उम्मीदवार लकी यादव ने तीन सेट, वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल नवीन कुमार ने एक सेट, लोग पार्टी के अवनीश तिवारी ने एक सेट में नामांकन किया। जौनपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने चार सेट, राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी के सुनील कुमार ने एक सेट, गांधीयन पीपुल्स पार्टी के जसवंत कुमार गुप्त ने एक सेट, राष्ट्रीय समाज पक्ष के चंद्रमणि पांडेय ने एक सेट में पर्चा भरा। इसी तरह बदलापुर से सपा उम्मीदवार ओम प्रकाश दुबे बाबा ने चार सेट, भाजपा उम्मीदवार रमेश चंद्र मिश्र ने तीन सेट, एसयूसीआइ के रामगोविद सिंह ने एक सेट, भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी के सुबेदार गौतम ने एक सेट में पर्चा दाखिल किया। केराकत से सपा उम्मीदवार तूफानी सरोज ने तीन सेट, बसपा से डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ ने तीन सेट, भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी से सुषमा देवी ने एक सेट में नामांकन किया। वहीं मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। अभी तक हुए 26 नामांकन में सभी आफलाइन ही हुए हैं। नामांकन प्रक्रिया 17 फरवरी तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को व नाम वापसी 19 से 21 फरवरी तक हो सकेगी। वहीं मतदान सात मार्च व मतगणना दस मार्च को होगी। सुरक्षा की है चौकस व्यवस्था नामांकन के मद्देनजर जिला निर्वाचन विभाग की तरफ से सुरक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिग के साथ जवानों की तैनाती की गई है। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। जहां से चेकिंग के बाद अंदर के लिए प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अंदर नामांकन स्थल पर जाने के लिए बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा व बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। नामांकन कक्ष के बाहर कोविड हेल्प डेस्क लगाया गया है, लेकिन उसका पालन नहीं होता दिखाई दिया। तीसरे दिन विधानसभावार लिए गए नामांकन पत्र बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से कुल चार नामांकन पत्र, शाहगंज विधानसभा क्षेत्र से शाहगंज विधानसभा क्षेत्र से 12, जौनपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से 13, मल्हनी से तीन, मुंगरा बादशाहपुर से 13, मछलीशहर सुरक्षित से दस, मड़ियाहूं से नौ, जफराबाद से आठ, केराकत सुरक्षित से पांच नामांकन पत्र लिए गए। आधा घंटा पहले ही पहुंच गए केपी सिंह मल्हनी से भाजपा उम्मीदवार डा. कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ केपी नामांकन के लिए निर्धारित समय 11 बजे से आधा घंटा पहले पहुंच गए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सर, आप समय से पहले पहुंच गए हैं, इस पर उन्होंने कहा कि ठीक है वह नामांकन कक्ष के बाहर इंतजार कर लेते हैं। इस दौरान उनके साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भी मौजूद रहे। आधे घंटे तक वह परिसर में पत्रकारों, अधिवक्ताओं से मुलाकात कर बातचीत करते रहे। जब मल्हनी के आरओ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल आए तो वह नामांकन कक्ष में पहुंचे। जमकर हुई नारेबाजी, उड़ी आचार संहिता की धज्जियां चुनाव आयोग के निर्देश के क्रम में नामांकन करने जाने वाले प्रत्याशी का वाहन जुलूस सौ मीटर दूर रोक दिया जाना है। इसके बाद परिसर में महज दो प्रस्तावकों के साथ प्रत्याशी को कलेक्ट्रेट में नामांकन को जाने की अनुमति दी गई। जिस पर कलेक्ट्रेट के मेन गेट पर काफी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचकर प्रत्याशी के समर्थन में नारेबाजी करते रहे। कई बार सपा, बसपा, भाजपा के कार्यकर्ता आमने–सामने होकर जमकर समर्थन दिखाने की होड़ में नारेबाजी करते रहे। वहीं नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ दर्जनभर की संख्या में लोग कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश करते दिखे। जिसको पुलिस भी नहीं रोकती दिखी।

## बोलेरो सवार अज्ञात हमलावरों ने लाठी–डंडे से पीटकर अधेड़ को किया घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर बाजार में सोमवार की रात अज्ञात बोलेरो सवार हमलावरों ने घर के बाहर बरामदे में सो रहे एक 55 वर्षीय अधेड़ को लाठी डंडे से पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना के बाद भागते समय हमलावरों ने दो दुकानों पर पथराव कर दुकानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मापुर बाजार निवासी रामजीत पाल (55) अपने घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे। रात लगभग दो बजे बोलेरो से पहुंचे दो हमलावरों ने उन्हें लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर स्वजनों के जुटने पर हमलावर वहां से फरार हो गए और भागते समय बगल में स्थित दो दुकानों पर भी पथराव कर दुकान का टीन शेड इत्यादि क्षतिग्रस्त कर दिया। राम जीत पाल ने बताता कि दोनों हमलावर अपना मुह बांधे हुए थे। मामले की सूचना गौराबादशाहपुर पुलिस को दे दी गई है। सूचना पर पुलिस सुबह पहुचकर जांच पड़ताल की। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया। इस घटना से बाजार में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर अवध नाथ यादव ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है। यदि भुक्तभोगी द्वारा तहरीर मिलती है तो अज्ञात हमलवारों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

## पुलवामा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए निकाला गया कैंडल मार्च

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के तत्वाधान में आज दिनांक 14 फरवरी 2022, सोमवार को शाम 6:00 बजे गोमती नगर थाने के पास स्थित कैप्टन मनोज पाण्डेय चौराहे पर 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए पुलवामा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक कैंडल मार्च निकाला गया जिसका नेतृत्व महासमिति के महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ल जी ने किया। महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ल के साथ सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, महासमिति के उपाध्यक्ष डॉ. पशुपति पाण्डेय, सचिव गण सी जी नायर, के के मौर्य, आलोक मिश्रा, कर्नल ए.एन. पाण्डेय, जे. एन. मिश्र, क्रीड़ा सचिव श्रीमती नंदनी मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव राम दयाल मौर्य,आई टी प्रभारी अमित शर्मा, बाबू सिंह सिसोदिया, नफीस अहमद, अनिल , ओ पी दीक्षित, अमित मिश्रा, ए एन उपाध्याय,



महिला प्रभारी डॉ. चित्रा सक्सेना, श्रीमती अर्चना अग्रवाल, श्रीमती प्रतिभा शाही, डा. सुषमा तिवारी, सुश्री कार्तिका माथुर, अधिकांश उपखंड समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं गोमती नगर के संभ्रांत नागरिक एवं गोमती नगर थाना के कुछ पुलिस स्टाफ भी उपस्थित थे। उपरोक्त कैंडल मार्च निकालने के बाद स्वर्गीय मनीष वर्मा, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश पुलिस, जिनकी आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु हो गईय उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सभी सरकारी कार्यालयों में खुलेआम उड़ रही है कोरोना गाइडलाइंस की धज्जियां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरकार के फरमान के बाद भी भले ही सभी सरकारी कार्यालयों में कोरोना गाइडलाइंस का पालन नहीं हो रहा था। कर्मचारी न तो मास्क लगाए रहते हैं और न ही कार्यालयों में सैनिटाइजर ही रखा गया है। इतना ही नहीं कर्मचारियों के टेबल भी आपस



में सटे मिल जाते हैं। कोरोना संक्रण को लेकर एक माह पहले सरकार की ओर से 50 फीसदी कर्मचारियों को रोज कार्यालय आने का निर्देश दिया गया था, जिसके क्रम में जिले में भी इस रोस्टर से कर्मचारियों को कार्यालय बुलाया जा रहा था, लेकिन कोरोना संक्रमण कम होने के बाद सरकार ने सोमवार से पूरी क्षमता के साथ कार्यालय खोलने का निर्देश दिया था, जिसके बाद जिम्मेदारों ने पूरी क्षमता के साथ कार्यालय तो खोल दिया, लेकिन कोरोना के नियमों का पालन कराना भूल गए। हालत यह रही कि सभी कर्मचारी अपने–अपने कार्यालयों में पहुंचे, लेकिन अधिकांश कर्मचारी न तो मुंह पर मास्क लगाए थे और न ही हाथ धुलने क लिए कार्यालयों में सैनिटाइजर रखा गया था। ऐसा नजारा तकरीबन सभी कार्यालयों में रहा।

## कुश्ती कराकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। चौकियां अखाड़े पर कुश्ती कार्यक्रम कराकर युवाओं को शत् प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर सुभाष पहलवान,मग्गू पहलवान, महेंद्र पहलवान,किशन पहलवान, सुरेश यादव, उदयराज एवं चौकीपुर युवक मंगल दल के अध्यक्ष अरविंद यादव दल के सदस्यों के साथ अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धर्मापुर दिलीप कुमार ने शत् प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई ।अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हाई मास्ट लाइट खराब होने से परेशानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : औद्योगिक क्षेत्र में लगे हाई मास्ट लाइट खराब होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लाइट खराब होने से अंधेरा छाया रहता है। इससे उद्यमियों व वहां पर कार्यरत मजदूरों को अंधेरे में आने जाने में खतरों का सामना करना पड़ता है। सीडा विकास समिति के अध्यक्ष शिवा जी सिह ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन हाई मास्ट लाइट प्रकाश के लिए विद्युत खंभों में लगाया गया है। जो काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है। इसके लिए बार बार सीडा प्रशासन से लाइट ठीक कराने के लिए कहने के बाद भी सुनी नहीं गई। अध्यक्ष सहित उद्यमियों ने जिला प्रशासन से खराब हाई मास्ट लाइट को ठीक कराने की मांग की है।

## एक सप्ताह बाद नहर में उतराया मिला महिला का शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सप्ताह भर पहले दो वर्षीय पुत्र संग शारदा सहायक नहर में कूदी महिला का शव मंगलवार को नहर में बासूपुर हैट के पास उतराया मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के गैरवांह निवासी संगीता प्रजापति पत्नी राकेश प्रजापति बीते आठ माह से नरियवा गांव में अपने मायके में रहती थी। उसके साथ दो वर्षीय पुत्र अयांश भी था। गत बुधवार की भोर में वह किसी से बिना कुछ बताए पुत्र अयांश को साथ लेकर घर से निकल गई। सुबह होने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की किंतु दोनों का कहीं कुछ पता नहीं चला। उसी दिन शाम को खुटहन थाना क्षेत्र के सुइथाखुर्द गांव में अयांश का शव नहर में बहता हुआ मिला। इसके बाद पुलिस ने संगीता की खोजबीन शुरू किया किंतु कोई सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह नहर में बासूपुर हैट के पास एक महिला का उतराया हुआ शव लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद शव को बाहर निकाला गया। पुलिस को आशंका हुई कि शव संगीता का ही है। इसके बाद उसके स्वजनों को मौके पर बुलवाया गया जिन्होंने शव की शिनाख्त संगीता प्रजापति के रूप में की।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
दुनियां आपके उदाहरण से बदलेगी, आपकी राय से नहीं।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को 2.250 किग्रा0 नाजायज गांजा के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना गौराबादशाहपुर पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 27/22 धारा 307 भा0द0वि0 व मु0अ0स0 29/22 धारा 41/411/413 भा0द0वि0 में वांछित अभियुक्त दिब्यम उर्फ नितिन सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी धानापुर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर को गोपनीय सूत्र की सूचना पर धानापुर तिराहा थानाक्षेत्र गौराबादशाहपुर से आज दिनांक 14.02.2022 की सुबह 2.250 किग्रा0 अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 36/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम दिब्यम उर्फ नितिन सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी धानापुर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही की गयी। नाम पता अभियुक्त 1. दिब्यम उर्फ नितिन सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी धानापुर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। बरामदगी 2.250 किग्रा0 नाजायज गांजा आपराधिक इतिहास 1. मु0अ0सं0 70/18 धारा 452/354/504/506 IPC 7/8 POCSO ACT, 3(1) द, ध SC/ST ACT थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 80/19 धारा 380/411 I.P.C.थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 252/20 धारा 379/411 I.P.C. थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 4.मु0अ0स0



31/21 धारा 379/411 I.P.C. थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 5. मु0अ0सं0 113/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 6.मु0अ0स0 27/22 धारा 307 भा0द0वि0 थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 7.मु0अ0स0 29/22 धारा 41/411/413 भा0द0वि0 थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 8.मु0अ0स0 36/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी टीम 1. उ0नि0 श्री रामशंकर पाण्डेय थाना गौराबादशाहपुर, जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री शिवराज सिंह यादव थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 3. हे0का0 सुधीर राय, थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 4. हे0का0 गुलाब यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 5. हे0का0 प्रेमचन्द यादव थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 6. हे0का0 कालीचरन कनौजिया, थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए करें निरंतर पौधरोपण : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बेसिक रोवर्स/रेंजर्स लीडर प्रशिक्षण के चौथे दिन रोवर्स/रेंजर्स के पांचवे नियम के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुलपति प्रो. मौर्य ने कामिनी पौधे को रोपित कर प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए



हम सभी को निरंतर पौधरोपण करते रहना चाहिए। शिविर में प्रतिभागी शिक्षक अपने महाविद्यालयों में भी इन गतिविधियों को निरंतर जारी रखे। संयोजक डॉ. जगदेव ने बताया कि सभी प्रतिभागियों से एक पौधा विश्वविद्यालय में रोपित कराया गया है। इसी के साथ प्रशिक्षण सत्र में लीडर ऑफ द कोर्स प्रदीप गुप्ता ने पयनियारिंग, गांठ,फास एवं बंधन, टेंट पुल की बारीकियों को विस्तार से बताया। एलओसी बेबी खुशनुमा ने टोली निर्माण पर अपनी बात रखी। योगगुरु जितेन्द्र सिंह ने योग के विविध आयामों से परीचित कराया। इस कार्यक्रम में डॉ संतोष कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, जिला संयोजक डॉ अमरजीत, डॉ. मनोज कुमार मिश्र, डॉ. मनोज कुमार तिवारी, कु. कविता पाण्डेय, सहायक मो. सादिक, श्री राकेश कुमार मिश्र,जौनपुर, शंभूनाथ, डॉ. अवनीश कुमार सिंह, डॉ. श्याम सुन्दर उपाध्याय, डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. नीलू सिंह, डॉ. विनीता श्रीवास्तव, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. मरियम फातिमा, गुलाब, अमित आदि उपस्थित रहे।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रत्याशियों ने किया नामाँकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामाकंन के तीसरे दिन नौ विधानसभाओं के लिए मंत्री, विधायक समेत कई लोगों ने पर्चा भरा। इस दरम्यान सभी प्रत्याशियों के समर्थक नारेबाजी करते रहे। आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के तीसरे कार्य दिवस में नामांकन पत्र राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों द्वारा दाखिल किए गये। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए नामाकंन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर मेटल डिडेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश होगा तथा कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग, सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध तथा वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है।नामांकन करने वालो में प्रमुख रूप से 364–विधानसभा बदलापुर निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किया, जिसमे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ओम प्रकाश दुबे द्वारा 04 सेट में, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के प्रत्याशी राम गोविंद सिंह द्वारा 01 सेट में, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रमेश चन्द्र मिश्रा के द्वारा 03 सेट में, भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी सूबेदार गौतम के द्वारा 01 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 364–विधानसभा बदलापुर निर्वाचन क्षेत्र से 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 365–शाहगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 02 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किया गया, जिसमे समाजवादी पार्टी से शैलेन्द्र यादव (ललई) द्वारा 02 सेट में, भारतीय नवक्रान्ती पार्टी रामप्रताप बिन्द द्वारा 01 सेट में नामांकन दाखिल किया गया। 365–शाहगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 12 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 366–सदर (जौनपुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया, जिसमे राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी के प्रत्याशी सुनील कुमार द्वारा 01 सेट में, गांधीयम पिपुल्स पार्टी के प्रत्याशी यशवंत कुमार गुप्ता द्वारा 01 सेट में, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गिरीश चन्द्र यादव द्वारा 04 सेट में एवं राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी से चन्द्रमणि पाण्डेय द्वारा 01 सेट में नामांकन दाखिल किया गया। 366–सदर (जौनपुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 13 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 367–मल्हनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, जिसमे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के०पी० सिंह के द्वारा 2 सेट में, समाजवादी पार्टी से लकी यादव द्वारा 03 सेट में, वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल से नवीन कुमार द्वारा 01 सेट में, लोग पार्टी के प्रत्याशी अवनीश तिवारी ने 01 सेट में अपना नामांकन दाखिल किया गया। 367–मल्हनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 368–मुंगराबादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिला नही किया गया। 368–मुंगराबादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 13 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 369–मछलीशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 01 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, जिसमे भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी से सत्यप्रकाश द्वारा 01 सेट में नामांकन दाखिला किये गये। 369–मछलीशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 370–मड़ियाहूं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 02 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, जिसमे समाजवादी पार्टी प्रत्याशी सुषमा के द्वारा 03 सेट में, राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी से श्रीमती निहारिका गौतम द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन दाखिल किया गया। 370–मड़ियाहूं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 09 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 371–जफराबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, जिसमे राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी से संजीव कुमार उपाध्याय ने 01 सेट में, बहुजन समाज पार्टी से संतोष कुमार मिश्रा द्वारा 02 सेट में, भारतीय जनता पार्टी से हरेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा 02 सेट में, निर्दल प्रत्शासी अभिषेक सिंह 'सोनू द्वारा 02 सेट में नामांकन दाखिल किया गया। 371–जफराबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 22 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 372–केराकत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, जिसमे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तूफानी सरोज द्वारा 03 सेट में, भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी से श्रीमती सुषमा देवी द्वारा 01 सेट में, बहुजन समाज पार्टी से डॉ० लाल बहादुर सिद्धार्थ द्वारा 03 सेट में नामांकन दाखिल किया। 372–केराकत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 05 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये।

सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि विश्वविद्यालय ने बढ़ाई जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक ने संबद्ध महाविद्यालय में संचालित सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन करने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है।अब बीस फरवरी तक विद्यार्थी परीक्षा फार्म को ऑनलाइन कर सकते हैं।इस संबंध में जानकारी देते हुए सोमवार को परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह ने बताया कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक प्रथम सेमेस्टर बीए,बीएससी,बीकॉम एवं बी.पी.ई बीबीए,बीसीए,एलएलबी प्रथम,बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर संस्थागत, भूतपूर्व कैरी,फारवर्ड के छात्र–छात्राओं की परीक्षा के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे गाने शुल्क जमा करने एवं विश्वविद्यालय में शुल्क विवरण एवं फार्म जमा करने की तिथियां बढ़ाकर बीस फरवरी तक कर दी है। ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फार्म का सत्यापन एवं संशोधन 21 से 22 फरवरी तक किया जा सकेगा। ऑनलाइन किए गए फार्मो को महाविद्यालय द्वारा समस्त शुल्क उनके लॉगइन से ऑनलाइन विश्वविद्यालय के खाता में जमा करने की तिथि 23 से 24 फरवरी निर्धारित की गई है एवं विश्व विद्यालय में परीक्षा फार्म हार्ड कॉपी नॉमिनल रोल जमा करने एवं शुल्क सत्यापन कराने के लिए जनपद के लिए अलग अलग तिथी निर्धारित की गई है जौनपुर के लिऐ तिथि 4 से 5 मार्च तक ही रहेगी। गाजीपुर के लिए तिथि 25 से 26फरवरी मऊ तिथि 28 से 1 मार्च और आजमगढ़ के 2 से 3 मार्च निर्धारित की गई है। यह जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है।

## हमे ईमानदार और अपने काम के प्रति समर्पित लोगो की जरूरत है:राम जीत मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरकारी कर्मचारी दिन–रात कड़ी मेहनत कर सरकार के तमाम योजनाओं का जनता के समक्ष क्रियान्वयन कराते हुए अपना पूरा जीवन सरकार की सेवा में समर्पित कर देता है ऐसे सेवा काल की समाप्ति के बाद उसे काफी दुख होता है।साथ काफी दिनों तक रहने वाले साथियों का साथ छूट जाता है।परंतु जब वह सहयोगी और साथी बराबर मिलते रहते हैं तो उन्हें आत्मबल और सम्मान का बोध होता है। इसी का उदाहरण है जनपद के सदर कोषागार कार्यालय से रिटायर हुए नीरज कुमार श्रीवास्तव जो अपने पद से सेवानिवृत्त हुए तो उन्होंने अपने रिटायरमेंट के पश्चात अपने आवास पर अखंड रामायण का पाठ करते हुए अपने तमाम सहयोगियों को भी आमंत्रित किया।वही उनकी इस खुशी को बढ़ाते हुए विभाग के लोगो ने विदाई समारोह का भी आयोजन कर दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम राम जीत मौर्य रहे। इस मौके पर पहुंचे और सहयोगियों ने उन्हें अंगवस्त्रम और बुके देकर उनका विदाई समारोह भी किया।मुख्य अतिथि ने कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि हमे ऐसे ईमानदार और अपने काम के प्रति समर्पित लोगो की जरूरत है।निश्चित रूप से श्रीवास्तव जी कमी हम सबको खलेगी।



इस इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह पूर्व अपर आयुक्त,तहसीलदार व नायाब तहसीलदार केराकत, संभागीय निरीक्षक परिवहन विभाग अशोक कुमार श्रीवास्तव, कर्मचारी अध्यक्ष शिव मोहन श्रीवास्तव,डीएम स्टोनो सुनील गौतम, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार दीपक श्रीवास्तव, भाजपा काशी क्षेत्र के राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया व नीरज श्रीवास्तव की पत्नी ममता श्रीवास्तव पुत्र अर्पित श्रीवास्तव पुत्री यशी श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर भजन सम्राट पंकज सिन्हा व सैली गगन द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## डी फार्मा की परीक्षाएं शुरू : चला गहन तलाशी अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय की डी फार्मा की परीक्षाएं सोमवार 14 फरवरी से प्रारम्भ हो गयी। उक्त परीक्षा के केंद्राध्यक्ष डॉ रसिकेश ने बताया की माननीय कुलपति प्रो.



निर्मला एस. मौर्य के निर्देश के तहत परीक्षाएं कोविड– 19 के दिशा निर्देशों के पालन में परीक्षाएं होंगी। पहले दिन सहायक केंद्राध्यक्ष सुशील कुमार, डॉ विनय वर्मा, डॉ प्रमेन्द्र विक्रम सिंह व डॉ प्रभाकर सिंह ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराया और डॉ आशुतोष कुमार सिंह, आंतरिक उड़ाका दल के रूप में छात्रों का गहन तलाशी अभियान चलाया। परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। ये परीक्षाएं 25 फरवरी तक चलेगी तथा मनोज त्रिपाठी, अनुपम कुमार व शैलेश यादव आदि ने सहयोग दिया।

## थाना सिंगरामऊ पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल



पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मय हमराह के देखभाल क्षेत्र व गश्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभि0 शैलेन्द्र पुत्र नन्हकू बेनवंशी निवासी ग्राम गोनौली थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष को एक अदद नाजायज चाकू,हरिहरपुर रेलवे क्रासिंग के पास से आज गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–15/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त 1. शैलेन्द्र पुत्र नन्हकु बेनवंशी निवासी ग्राम गोनौली थाना सिंगरामऊ जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम 1.थानाध्यक्ष श्री कमलेश कुमार थाना सिंगरामऊ जमपद जौनपुर। 2. उ0नि0 गिरीश कुमार मिश्र थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 3. का0 विमलेश यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 4. का0 हरखनाथ यादव थाना सिगरामऊ जौनपुर।

## लकी की डिग्री ने बढ़ाई सियासत के तापमान की डिग्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सपा विधायक और मल्हनी विधानसभा से प्रत्याशी लकी यादव डिग्री में उलझ गए हैं.. दरअसल, 2007 में विधानसभा चुनाव के नामांकन में उन्होंने कानपुर यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन कंप्लीट करना दिखाया था, जबकि 2022 में नामांकन में उन्होंने खुद को जौनपुर से यूनिवर्सिटी से बीए पास दिखाया है। सपा प्रत्याशी लकी यादव ने कहा कि मैं ग्रेजुएशन करके राजनीति में आया हूं। जब उनसे कानपुर यूनिवर्सिटी और जौनपुर यूनिवर्सिटी से अलग– अलग जानकारी देने की बात पूछी तो उन्होंने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। मैंने ग्रेजुएशन पूर्वांचल विश्वविद्यालय से किया है। उस समय पिता पिताजी ने नामांकन भरवाना था, उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। 2020 में जो दिखाया था, वहीं 2022 में भी दिखा रहा हूं। सपा विधायक लकी यादव इससे पहले बरसठी विधानसभा से चुनाव लड़े थे। 2007 में हुए उपचुनाव में उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसमें उन्होंने 2004 में कानपुर विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट होने के बाद दिखाई थी फिर 2020 के उपचुनाव में उन्होंने फिर सपा से चुनाव लड़ा। मल्हनी विधानसभा में उन्होंने जीत दर्ज की थी। इस दौरान दाखिल किए गए नामांकन पत्र में उन्होंने 2018 में पूर्वांचल विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट होना दिखाया। उन्होंने जानकारी दी कि श्रीराम कॉलेज निगोह से बीए पास किया है।

## कहीं भारी न पड़ जाय अखिलेश का दाँव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सदर विधानसभा सीट के लिए तेज बहादुर मौर्य उर्फ पप्पू को समाजवादी पार्टी द्वारा प्रत्याशी बना देने से संगठन में भारी नाराजगी दिखाई दे रही है। मालूम हो कि अखिलेश यादव जौनपुर सदर विधानसभा सीट से दीदारगंज के पूर्व विधायक आदिल शेख को उम्मीदवार बनाना चाहते थे और उनका टिकट लगभग कंफर्म भी हो गया था। ठीक उसी समय जौनपुर समाजवादी पार्टी के दो दिग्गज अखिलेश यादव से मिलकर आदिल शेख को बाहरी उम्मीदवार बताते हुए हार जाने का डर दिखाकर विरोध किया। उसके बाद अखिलेश यादव ने बसपा से सपा में आए पप्पू मौर्य को टिकट देकर एक तीर से दो निशाना साधने का प्रयास किए। उनका मानना है की इससे मौर्य बिरादरी का वोट सपा से जुड़ जाएगा जबकि मुसलमानों का वोट तो सपा की जेब में है ही, उसके लिए केवल भाजपा का खौफ पैदा करना ही पर्याप्त है। इस तरह पार्टी मुखिया की नजर में मुस्लिम, यादव और मौर्य बिरादरी के वोटों के समीकरण से पप्पू मौर्य की सीट निकलती हुई दिख रही है। किंतु वर्षों से पार्टी का झंडा लेकर चलने वाले और संघर्ष करने वाले



कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पार्टी के अंदर खाने में भारी नाराजगी का सबब बन गई है। किसी को यह नहीं समझ में आ रहा है की पार्टी मुखिया या तो बाहरी लोगों को उम्मीदवार बनाना चाहते हैं या दूसरे दल से निष्ठा परिवर्तित करके आए हुए लोगों को, आखिरकार सपा के वफादारों के ऊपर अखिलेश ने भरोसा क्यों नहीं जताया? यह यक्ष प्रश्न समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के समक्ष अनुत्तरित है।

## चुनाव की दृष्टि से भाजपा जौनपुर द्वारा विधानसभा संयोजक घोषित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी के अनुमति से जिले में चार विधानसभा के विधानसभा संयोजक घोषित किये। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि जौनपुर विधानसभा से पूर्व मण्डल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, मल्हनी विधानसभा





से जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, बदलापुर से पूर्व मण्डल अध्यक्ष गंगा प्रसाद सिंह को तो वही मुंगराबादशाहपुर से महेन्द्र विजय शुक्ला को विधानसभा संयोजक घोषित किया जाता है और आशा की जाती है कि ये सभी विधानसभा संयोजक अपने पद के अनुरूप कार्य करके अपने–अपने विधानसभा से भाजपा प्रत्याशियों को भारी मत दिलाकर प्रत्याशी को जिताने का कार्य करेंगे। जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने बधाई देते हुये विधानसभा संयोजको से कहा कि आप लोग दिन रात मेहनत कर अपने–अपने प्रत्याशी को जिताने का कार्य करें।

## मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु जिलाधिकारी ने वोट करेगा जौनपुर गीत व रिंग टोन किया लांच

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वोट करेगा जौनपुर गीत व कालर टयून को जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा व आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा. अंकिता राज ने लांच किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि जनपद वासियों को 7 मार्च को मतदान करने हेतु जागरूक करने के लिए तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गीत बनाये गये है। उन्होंने कहा कि संगीत व गाने सभी के दिल छू लेते हैं। यह एक प्रेरणा स्रोत तो रहे ही हैं, साथ ही गहरी भावनाओं और कोमलता के भाव भी पैदा करते हैं। इसीलिए मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करने के लिए गीत लांच किए जा रहे हैं। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि 7 मार्च को सारे काम छोड़ कर अपना मतदान जरुर करें। डा अंकिता राज ने इस संगीतकार व गीतकार की सराहना करते हुए कहा कि गीत संगीत का जीवन में अलग महत्व होता है। ये गीत भी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करता रहेगा। उन्होंने महिला पुरुष दिव्यांग सभी मतदाताओं से मतदान करने हेतु अपील किया। अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि राहुल पाठक को सभी मतदाताओं विशेषकर दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के आईकान बनाया गया है। जो लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा, क्योंकि ये एक दिव्यांग होते हुए भी बहुत अच्छा गाते हैं। वोट करेगा जौनपुर गीत के गीतकार व संगीतकार राहुल पाठक हैं और इस गाने में स्वर राहुल पाठक व सविता बैरागी ने दिया है। विडियो एडिटिंग मोहम्मद सोहराब, निर्माता टीम नितेश दूबे, इन्तेजार अली है। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा आदि उपस्थित रहे।

## अभाविप जौनपुर के कार्यकर्ताओं ने तमिलनाडू सरकार का फूंका पुतला

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,जौनपुर के कार्यकर्ताओ द्वारा टीडी कॉलेज गेट एवं पूर्वांचल विश्विद्यालय गेट के सामने तमिलनाडु की छात्रा लावण्या को न्याय दिलाने की मांग को लेकर तमिलनाडू सरकार का पुतला दहन किया गया। मिशनरी विद्यालय द्वारा धर्म परिवर्तन का दबाव डालने पर लावण्य ने आत्महत्या कर ली थी।आज सीबीआई जांच की मांग को लेकर तमिलनाडु में आंदोलन कर रहे विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया गया। आपको बताते चले कि हाइकोर्ट द्वारा सीबीआई जांच के आदेश के विरोध में तमिलनाडु की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है,इसी के विरोध में आज विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी एव कार्यकर्ताओ द्वारा तमिलनाडु सरकार का विरोध किया जा रहा था।जिसमे कार्यकर्ताओं ने उग्र रूप से समाज के विघटनकर्ता षड्यंत्रकारी मिशनरियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।जिसके बाद तमिलनाडु पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के विरोध में विद्यार्थी परिषद जौनपुर के कार्यकर्ताओं ने पूर्वनाचल विश्विद्यालय एवं टीडी कॉलेज गेट पर तमिलनाडु सरकार का पुतला दहन किया एवं लावण्या को न्याय देने की मांग की।इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डेजी सिंह ने कहा कि शिक्षा के आड़ में मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण का बहुत ही खतरनाक षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिसके शिकार नाबालिक मासूमों को बनाया जा रहा है।विद्यार्थी परिषद पहले दिन से लावण्या को न्याय दिलाने की बात कर रही है और जब तक उसे न्याय नहीं मिल जाता हम लगातार संघर्ष करते रहेंगे। जिला संयोजक उद्देश्य सिंह ने कहा कि मिशनरियों के द्वारा समाज के या तो गरीब तबके के लोग या फिर मासूमों को टारगेट कर उन्हें लगातार धर्म परिवर्तन के लिए और हिंदू धर्म के खिलाफ उकसाया जा रहा है। प्रशासन ऐसे लोगों को चिन्हित कर जल्द से जल्द कार्रवाई करें नहीं तो सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे। इस अवसर डॉ राजश्री सिंह,अभिषेक त्रिपाठी,अमन विश्वकर्मा, मोनू यादव,प्रशांत सिंह,दीपक यादव,रोमित मोदनवाल,सुमित सिंह,रवि विश्वकर्मा,अमित तिवारी,राजेश,कुलदीप,लकी मौर्य,आशीष मौर्य,शुभम,क्षितिज उपाध्याय, आदर्श,प्रिंस,अभिषेक सिंह,विशाल सरोज,शुभी सिंह,पीयूष सिंह,उत्सव सिंह, समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

